बिहार सरकार
खेल विभाग

ज्ञापांक–5/खे०उ० 5–01/2024 184/ पटना, दिनांक–21.5/2026

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (ले. एवं ह.),
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय :– मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अन्तर्गत पूर्णिया जिला अन्तर्गत दो स्थलों पर ओपन जिम अधिष्ठापन हेतु यथा– प्रखंड पूर्णिया में पूर्व ऑफिसर कॉलोनी परिसर हेतु (07 लाख) एवं प्रखंड पूर्णिया पूर्व में जिला स्कूल आउटडोर स्टेडियम हेतु (07 लाख) **कुल ₹14,00,000/–** (चौदह लाख) रूपये मात्र की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

2. राशि का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204 –खेलकूद तथा युवा सेवाएँ 104–खेल–कूद 0109– खेल कूद" विपत्र कोड–52–2204001040109,

मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204 – खेलकूद तथा युवा सेवाएँ 789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना 0102– खेल कूद" विपत्र कोड–52–2204007890102 एवं

मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204 – खेलकूद तथा युवा सेवाएँ 796– जनजातीय क्षेत्र उप योजना 0101– खेल कूद" विपत्र कोड–52–2204007960101 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 5201–मशीनें एवं उपस्कर–कार्यालय मद से होगा, जिसकी विस्तृत व्यय विवरणी निम्नवत् है :–

क्र0	विपत्र कोड	विषय शीर्ष	राशि
1	52–2204001040109	52–01	11,62,000/–
2	52–2204007890102	52–01	2,24,000/–
3	52–2204007960101	52–01	14,000/–
		कुल योग =	**₹14,00,000/–**

3. इस राशि की निकासी जिला पदाधिकारी, पूर्णिया द्वारा संबधित जिला कोषागार से की जायेगी।
4. खेल विभाग द्वारा खेल उपकरण/सामग्रियों, मल्टीजिम एवं ओपन जिम का अधिष्ठापन योजना ज्ञापांक–1657, दिनांक–24.10.2024 के आलोक में क्रय/ अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाय।
5. "खेल विभाग, बिहार के सौजन्य से" संबंधित बोर्ड खेल उपकरण अधिष्ठापन स्थल पर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय।
6. स्वीकृत राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन ससमय खेल विभाग को विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराया जायेगा।
7. राशि की स्वीकृति संचिका संख्या–5/खे०उ० 5–01/2024 के टिप्पणी भाग के पृष्ठ 111/टि० पर सहायक आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं पृष्ठ 117/टि० पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।
8. यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प सं०–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
21/05/26
(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–184/ पटना, दिनांक 21.5/2026

प्रतिलिपि :– जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, पूर्णिया/जिला खेल पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी–02 एवं 05/लेखा शाखा (दो प्रतियों में)/बजट सहायक/आई.टी. मैनेजर (विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु), खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/05/26
सरकार के संयुक्त सचिव।

116 AS LT. 2026-27